सरपंच परमार जी एवं सचिव धनश्याम मेवाड़ा के विशेष सहयोग से यह शिविर सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय परिवार की ओर से यू.जी.सी. प्रभारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. जया शर्मा, सहा. प्राध्यापक भौतिकी डॉ. अनुप सिंह एवं क्रीड़ा अधिकारी श्री रवि स्वरूप विरहा ने सम्पूर्ण आयोजन किया। सम्पूर्ण शिविर में स्वयंसेवक शकुन्तला मीणा, विद्या मीणा, पूर्वी ठाकुर, शिवानी चौहान, सोनाली चौहान, दीपा, सरिता भदोरिया, हिमांशी खत्री, प्राची बिसोरिया, रीना सूर्यवंशी, अश्विनी परमार, संगीता बारेला, पूजा विश्वकर्मा, भृत्य सरिता सिमोलिया का विशेष सहयोग रहा। इसके अतिरिक्त ग्राम सरपंच श्री राजेन्द्र परमार सचिव श्री धनश्याम मेवाड़ा, सहायक यशपाल सिंह चौहान, आशा कार्यकर्ता रतना हाड़ा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रूकमनी कुशवाह, विष्णु परमार, कमल कुशवाह, शैलेन्द्र सिंह परमार, नन्दकिशोर पटेल, अनिल जी, नर्मदा सेन, धनश्याम ठाकुर जी आदि का विशेष सहयोग रहा। प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने सम्पूर्ण ग्रामवासियों एवं विशेष रूप से ग्राम पंचायत सदस्यों का आभार जाना।


परीक्षण
विश्वविद्यालय अनुदान



## *Educational Tour to Sanchi avam Udyagiri Caves with Dept. of English, Commerce & Botany*





# *Computer Training on Basic Computer operating –Ms Office by CRISP Bhopal with financial support from UGC*

प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)
दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेल:–heggcseh@mp.gov.in
वेब. :www.mpcolleges.nic.in/ggdcsehore/index.html

दिनांक 15/09/2017

## कम्प्यूटर प्रशिक्षण

आज दिनॉक 15.09.2017 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में पॉच दिवसीय कम्प्यूटर प्रशिक्षण क्रिस्प संस्था भोपाल से आये आई.टी. विभाग के सीनियर एक्जीक्यूटिव श्री संदीप सोमनाथ एवं सुश्री मेधा वर्मा द्वारा दिया गया। इस प्राशिक्षण का आयोजन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सौजन्य से किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में बेसिक कम्प्यूटर दक्षता को बढ़ाना एवं इन्टरनेट सर्फिंग संबंधी सुरक्षा मापदंडों को समझाना भी था। महाविद्यालय से इस प्रशिक्षण में 40 छात्राएँ लाभान्वित हुई जिसमें उन्होनें न केवल अपने पाठ्यक्रम से संबंधित दक्षता प्राप्त की बल्कि अन्य नवीन कम्प्यूटर तकनीकी से भी परिचित हुई। सभी छात्राओं में इस ट्रेनिंग को लेकर उत्साह था तथा सभी स्वयं को कम्प्यटीकृत युग से जुड़ा हुआ महसूस कर रही है। अंत में क्रिस्प संस्था के अधिकारियों द्वारा छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। संपूर्ण प्रशिक्षण यू.जी.सी. प्रभारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री एवं सहायक डॉ. अनूप सिंह एवं आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ. जया शर्मा के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सभी छात्राओं को प्रशिक्षण हेतु बधाई दी।

(डॉ. सुमन तनेजा)
प्राचार्य
शासकीय कन्या महाविद्यालय
सीहोर

computer training.





# *Educational Visit to Resham Kendra, sehore*


कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)

दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेल–heggcseh@mp.gov.in

वेब www.mpcolleges.nic.in/ggdcsehore/index.html


दिनांक / /2017

//शैक्षणिक भ्रमण//

प्रतिवेदन

विभाग–गृहविज्ञान

दिनांक–14.09.2017

आज दिनांक 14.09.2017 को गृहविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमति कलिका डोलस के नेतृत्व में लगभग 40 छात्राओं का एक दल रेशम उद्योग के भ्रमण पर गया। जहां छात्राओं ने शहतूत की खेती, खेती में पेड़ो पर कीट लगने पर उनका उपचार एवं अच्छी उपज हेतु बरती जाने वाली सावधानियों पर श्री विनोद निरंजन से मार्गदर्शन प्राप्त किया। रेशम के कीडे के बारे में जानकारी प्राप्त की। रेशम के कीडे का जीवन–चक्र जाना। ककून के नमूने देखे, जिससे छात्राओं की जिज्ञासा का समाधान हुआ।

तत्पश्चात छात्राऐं पूनी सेंटर गई जहां पर धागे से किस प्रकार पूनी बनाई जाती है इसकी जानकारी प्राप्त की। धागे से कपड़ा बनाने की प्रक्रिया में बीच की कडी के रूप में पूनी बनाई जाती है एवं फिर वह कपड़ा बनने के लिये मिल में भेजा जाता है। छात्राये इन सारी प्रक्रिया से रूबरू हुई, छात्राओं ने इस शैक्षणिक भ्रमण को अत्यधिक उपयोगी बनाया एवं इसी प्रकार के अन्य भ्रमण आयोजित करने का विभागाध्यक्ष को अनुरोध किया।

विभागाध्यक्ष
गृहविज्ञान

शैक्षणिक भ्रमण 2017-18 (1)




गृहविज्ञान - विभाग



## *Meeting with C.M to Request for opening post graduate courses in the college with students*



12-oct-2017

किसान सम्मेलन | मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने किसानों को फसल बीमा के प्रमाण-पत्र दिए

# पार्वती नदी में लाएंगे नर्मदा का पानी, गर्ल्स कॉलेज में पीजी कक्षाओं की पढ़ाई शुरू होगी

सीएम ने भावांतर योजना में पंजीयन कराने को कहा

सीहोर और इछावर विधानसभा क्षेत्र में 66 करोड़ के विकास कार्यों का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

भास्कर संवाददाता | सीहोर

शहर की बेटियों को पीजी कक्षाओं में पढ़ाई के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। अब गर्ल्स कॉलेज में ही नए सत्र से पीजी की पढ़ाई हो सकेगी। इसी के साथ पेयजल के स्थाई समाधान के लिए नर्मदा का पानी पार्वती नदी में लाया जाएगा। ये बातें बुधवार को अल्हदाखेड़ी स्टेडियम में आयोजित कृषक सम्मेलन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। इस मौके पर श्री चौहान ने फसल बीमा योजना के तहत किसानों को बीमा राशि के प्रमाण-पत्र वितरित किए। साथ ही सीहोर और इछावर विधानसभा में हुए करीब 66 करोड़ से ज्यादा के कार्यों का लोकार्पण भी किया।

बुधवार दोपहर तय समय से पांच मिनट की देरी से दोपहर 2.35 बजे सीएम शिवराज सिंह चौहान सीहोर पहुंचे। यहां वन विभाग के डिपो कार्यालय में बनाए हेलीपेड से वह कार से काफिले के साथ स्टेडियम पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने सीहोर और इछावर विधानसभा क्षेत्र में हुए करोड़ों के कार्यों का सांकेतिक रूप से लोकार्पण किया। बुधवार को मुख्यमंत्री का पूरे कार्यक्रम में ... चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने मंच से ही कॉलेज की छात्राओं से चर्चा करते हुए गर्ल्स कॉलेज में नए सत्र से पीजी कक्षाएं शुरू करने की ...

कलेक्टर तरुण कुमार पिथौड़े ने ... कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। ... पर प्रभारी मंत्री रामपाल सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री रघुनाथ सिंह ... शर्मा, पूर्व मंत्री करण सिंह ... विधायक रणजीत सिंह गुणवान, भाजपा जिलाध्यक्ष सीताराम यादव ...

स्टेडियम में किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान छोटी-छोटी छात्राओं से बात करते हुए।

### विधवा विवाह को करेंगे प्रोत्साहित, घर चलाने दंपती को देंगे 2 लाख रुपए

सीएम श्री चौहान ने मंच से कहा कि वह विधवा विवाह को प्रोत्साहन देते हैं। इसलिए प्रदेश में जो भी विधवा पुनर्विवाह करेंगी उसे घर चलाने के लिए शुरुआत में 2 लाख रुपए उनके घर जाकर दिए जाएंगे ताकि उन्हें जीवन निर्वाह करने में कोई परेशानी न हो।

### हर व्यक्ति को मिलेगा घर

श्री चौहान ने कहा कि सीहोर हिंदुस्तान में मॉडल के रूप में दिखेगा। उन्होंने कहा जिले में ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं रहेगा जिसका अपना खुद का घर नहीं होगा। इस साल जिले में 10 हजार आवास गरीबों को बनाकर दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2020 तक सभी को पट्टे देकर उन्हें रहने के लिए घर दिया जाएगा।


### ये सौगातें भी मिलीं

- विधायक सुदेश राय की मांग पर जल्द ही नर्मदा का पानी जिले की पार्वती नदी में लाने की बात पर सहमति दी गई।
- विधायक श्री राय ने अपने संबोधन में शहर में किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में बताया और फोरलेन पर स्ट्रीट लाइट लगवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमें सीएम ने इतना दिया कि अब मांगने में संकोच होता है। फिर भी उन्होंने नजकिए लहजे में उन्होंने नर्मदा के पानी के साथ-साथ फोरलेन पर स्ट्रीट लाइट की लाइन लगवाने की बात कही। इस पर सीएम ने दोनों ही मांगों पर अपनी स्वीकृति दी।

### 40 मिनट तक मंच से बोले, बोलने के लिए डाइस को बीच में रखवाया

किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री चौहान ठीक 3.20 बजे बोलने के लिए खड़े हुए। मंच पर दोनों ओर डाइस रखी थी, एक तरफ की डाइस से ... हो रहा था और दूसरी तरफ की डाइस अतिथियों के लिए थी। ...

## *National seminar on "Indian Higher Education System: Issue & Challenges"*



**Patron**
**Principal**
Dr. Suman Taneja

**Convenor**
Dr. Jaya Sharma

**Advisory Committee**

Smt. Preeti Saxena
(Chairman, Jan Bhagidari Samiti)

Dr. Puspa dubey
(Principal C.S.A Govt. P.G. College, Sehore)

Dr. Sandeep Joshi
(Professor, MPISSR, Ujjain)

Dr. B. C. Jain
(Retired Principal Govt. Girls College, Sehore)

Dr. S.K. Batra
(HOD Commerce Govt. S.N.G.G.P.G. College, Bhopal)

Dr. Sanjeev Thakur
(Professor Govt. M.L.B.G.P.G. College, Bhopal)

Dr. N.M.Qureshi
(HOD Commerce, C.S.A Govt. P.G. College, Sehore)

Dr. Amol Manjerakar
(HOD Economics, Govt. Girls College, Sehore)

**Organising Committee**

| | |
|---|---|
| Dr. Sudha Lahoti | Shri.Ravi Swaroop Virha |
| Dr. Kalika Dolas | Shri Vinod Sharma |
| DR. G.L. Jain | Shri K N Vishwakarma |
| Dr. Pratima Khare | Shri Dinesh Bairagi |
| Dr. Manjari Agnihotri | Ku. Archana Senger |
| Dr. Anup singh | Shri Rajesh Sharma |
| Smt. Neelam Wasnik | Ku Sakshi Tamrakar |
| Dr. Rajesh Bakoriya | Shri Rahul Vishwakarma |

From :
Convenor
Dr. Jaya Sharma
HOD commerce and coordinator IQAC
Govt. Girls College Sehore (M.P.)

e-mail : girlscollegesehore@gmail.com
heggcseh@mp.gov.in

NATIONAL SEMINAR
Indian Higher Education System: Issues and Challenges
16th January 2018

To,

Book-Post

Govt. Girls College, Sehore
(Re-accredited by NAAC with "B"

NATIONAL SEMIN
On
Indian Higher Education S
Issues and Challeng
16th January 2018

Sponsored by
Jan Bhagidari Samiti

Organised By
Department of Commerce

Convenor
Dr. Jaya Sharma

Principal
Dr. Sum

e-mail : girlscollegesehore@gmail.com
heggcseh@mp.gov.in

कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)
दूरभाष एवं फैक्स :– (07562)224706
ई–मेल:–heggcseh@mp.gov.in
वेब :www.mpcolleges.nic.in/ggdcsehore/index.html

सीहोर, दिनांक 23/07/2018

## प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक 23/07/2018 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा छात्राओं हेतु आत्म सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा संबंधी उपाय विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान में विषय विशेषज्ञ के रूप में सीहोर जिले के कोतवाली [illegible] की थाना प्रभारी मेडम संध्या मिश्रा उपस्थित थी। उन्होंने छात्राओं को पुलिस विभाग द्वारा महिला सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी अप्रिय एवं असहज स्थिति का सामना करने पर हमें कौन से कदम उठाने चाहिए। मैडम मिश्रा ने छात्राओं को साइबर क्राइम के विषय में भी जानकारी दी कि किस प्रकार सोशल मीडिया का उपयोग सावधानी पूर्वक करना चाहिए। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ सुमन तनेजा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी [illegible] शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय परिवार का सक्रिय सहयोग रहा।

23-7-18
(डॉ. सुमन तनेजा)
प्राचार्य
शासकीय कन्या महाविद्यालय
सीहोर

## *Competition on sexual harassment*

सीहोर भास्कर
26 जुलाई, 2018

काली नजर पर पेंटिंग | एंटी रैगिंग और सेक्सुअल हरेसमेंट विषय पर कॉलेज की छात्राओं ने अपनी कल्पनाओं का दिया आकार

# छात्राओं ने पेंटिंग में बताया किस तरह की जाती है छेड़छाड़

भास्कर संवाददाता | सीहोर

कॉलेज आते-जाते किस तरह से असामाजिक तत्व छात्राओं को देखकर फब्तियां कसते हैं और उन्हें किस तरह से घूरते हैं। यह सब गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने पेंटिंग के माध्यम से बताया। काली नजर पर पेंटिंग प्रतियोगिता में शासकीय गर्ल्स कॉलेज की करीब 30 छात्राओं ने हिस्सा लिया और सेक्सुअल हरेसमेंट विषय पर अपनी पीड़ा ड्राइंग पर उकेरी।

एक सखा सोशल वेलफेयर सोसायटी और पुलिस विभाग द्वारा शासकीय गर्ल्स कॉलेज में एंटी रैगिंग और सेक्सुअल हरेसमेंट विषय पर पेंटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में सोसायटी के अध्यक्ष शुभम चौरसिया ने स्कूल और कॉलेज की छात्राओं को होने वाली परेशानी के बारे में बताते हुए इस तरह की बातें अपने परिजनों को बताने पर जोर दिया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुमन सनेजा और प्रोफेसर डॉ. जया शर्मा ने छात्राओं से कहा कि किसी भी चीज का विरोध जरूरी है। उन्होंने छात्राओं के लिए जरूरी हेल्पलाइन नंबर भी बताए। इस मौके पर टीम के विकास महाजन, प्रतिभा वाइकर, पल्लवी शर्मा, शिवांगी जादौन, विकास मेवाड़ा सहित मौजूद थे।



शासकीय गर्ल्स कॉलेज में प्रतियोगिता में पेंटिंग बनाती छात्रा।

### लगाएंगे प्रदर्शनी, पुरस्कार देंगे

प्रतियोगिता के दौरान जिन छात्राओं ने अपनी पेंटिंग बनाई है एक सप्ताह बाद कॉलेज में ही उन पेंटिंग्स की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ ही श्रेष्ठ पेंटिंग बनाने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। पुरस्कार समारोह में कलेक्टर तरुण कुमार पिथोड़े और एडि. एसपी समीर यादव अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समिति के अध्यक्ष श्री चौरसिया ने बताया कि छात्राओं को ऐसी गतिविधियों का सामना और उनका विरोध करने की सीख दी जाएगी।

## *Pravesh Utsav*



**नक्षत्र**

**शुभ मुहूर्त**

आज के मुहूर्त -

**श्रेष्ठ चौघड़िए**

चौघड़िया के अनुसार समय - प्रातः 07.39 मि. से 09.16 मि. तक शुभ का चौघड़िया ...

**व्रतोत्सव**

**आज जन्म लेने वाले बच्चे**

ऐ हाल

# ... नहीं आते ... होते परेशान



... बैठक में उपस्थित अधिकारी व अन्य सदस्य।

...कि अमले की ... भी कई बार ...हुंचने वाले लोगों ...स्वास्थ्य सेवा का ...ता है। इस अवसर ...ले की कमी पर ...करते हुए समिति ...स्थ्य अमले की ...रने एक प्रस्ताव ...भेजने पर सहमति ... सिविल सर्जन ...ट्रामा यूनिट तथा ...य में दी जा रही ...कारी समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। बैठक जिला पंचायत सदस्य अंबाराम मालवीय सांसद प्रतिनिधि विनोद सिंह सिसोदिया सहित समिति के सचिव तथा सीएमएचओ डॉ.प्रभाकर तिवारी, सिविल सर्जन डॉ. भरत आर्य, जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ.आनंद शर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.टीआर उइके, जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ.पदमाकर त्रिपाठी, जिला आयुष अधिकारी डॉ. रामप्रतापसिंह राजपूत उपस्थित थे।

## ...ला शव

...। सूचना पर ...र पहुंची और शव ...ा। इसके बाद ...अस्पताल लेकर ...में जुटी है।

## 13 को मनाएंगे जश्ने आजादी

सीहोर. जमियत उलमा की बैठक का आयोजन लाल मस्जिद में किया गया। बैठक में मुफ्ती शमसुद्दीन जिला अध्यक्ष जमियत उलमा की ...

## आंगनबाड़ी में मनाया अमृत उत्सव

सीहोर @ पत्रिका. विश्व स्तनपान दिवस के सातवें दिन अमृत उत्सव का आयोजन वार्ड 12 सेक्टर गंज एकीकृत बाल विकास परियोजना शहरी सीहोर में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ईसीसी समन्वयक प्रतिभा वंशकार ने 6 माह तक स्तनपान करने की विशेषताएं बताई एवं उपस्थित सेक्टर सुपर वाइजर कलमेन्टन टोप्पो ने प्रसव पूर्ण एवं प्रसव पश्चात रखी जाने वाली सावधानियों पर प्रकाश डाला इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का संचालन रीना यादव ने किया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए क्विज प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता रखी गई, इसमे विजेता रजनी प्रजापति को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ता माया यादव, मालती यादव, सुनीता यादव, रीना यादव, मीना यादव, प्रीति राठौर, सीमा राठौर दीपमाला चौधरी, कामनी सेन का मुख्य रूप से सहयोग दिया गया।

## पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रभारी नियुक्त

सीहोर @ पत्रिका. पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेश पटेल ने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के विधानसभा प्रभारियों की घोषणा की है।इसमें सीहोर विधानसभा प्रभारी कमलेश कुशवाह, इछावर विधानसभा प्रभारी बलरामसिंह पटेल ग्राम मोलाखेड़ी, आष्टा विधानसभा प्रभारी मनोहरसिंह पटेल ग्राम खड़ी, सीहोर कार्यालय मंत्री प्रेम विश्वकर्मा की नियुक्ति की गई। इनकी नियुक्ति पर अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

कार्यक्रम

## कॉलेज में पहले दिन छात्राओं का तिलक लगाकर किया स्वागत



सीहोर. अभिमुखीकरण कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सीहोर. गर्ल्स कॉलेज में नवप्रवेशित छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना, क्रीड़ा विभाग एवं व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

कॉलेज प्राचार्य सुमन तनेजा ने इस अवसर पर कॉलेज में उपलब्ध समस्त सुविधाओं, शासकीय योजनाओं के लाभ व महाविद्यालय संबंधी जानकारी दी। एनएसएस के जिला संगठक डॉ राजेश बकोरिया एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने एनएसएस की उपयोगिता, महत्व को बताते हुए इसे समाजसेवा, व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्र की सेवा का सशक्त माध्यम बताया। क्रीड़ा अधिकारी रवि किराड़ ने विभाग में उपलब्ध सुविधाएं, उनके अंतर्गत प्राप्त राज्यीय, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त प्रमाण पत्रों का लाभ एवं अन्य जानकारी दी। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. जया शर्मा ने महाविद्यालय की गुणवत्ता के लिए छात्राओं के सुझाव आमंत्रित करते हुए कॉलेज की गतिविधियों के लिए उनको सहयोग के लिए प्रेरित किया। व्यक्तित्व प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने प्रकोष्ठ के वार्षिक कैलेंडर की जानकारी देते हुए छात्राओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के लिए प्रश्न मंच रखा गया जिसमें सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए तथा विजयी छात्राओं को तिलक लगाकर एवं पेन देकर पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम के अंत मे नव प्रवेशित छात्राओं अंजली पटेल, हीरामणि वर्मा, रचना वर्मा एवं नेहा वर्मा ने अपने स्कूल के एवं व्यक्तिगत अनुभवों को बताया। कार्यक्रम में भारती सक्सेना, ज्योत्सना विश्वकर्मा, पूजा राठौर, नुरजहां एवं ब्रजेश विश्वकर्मा, पूजा मेवाड़ा, सुलोचना, रिचा पटेल, महिमा तिवारी, मेधा झंवर का सहयोग रहा।

## कथा सुनने से बदल जाता है मनुष्य का जीवन: उद्धव दास

## प्रशिक्षण के लिए वर्कशाप 13 को

सीहोर. वाणिज्यिक कर विभाग ...

# *Vigilance awareness programm*



## विद्यार्थियों ने बताया कैसे निपटें भ्रष्टाचार से

### विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम, ग्रामीणों को भी दी जानकारी

भास्कर संवाददाता | सीहोर




सोमवार को गर्ल्स कॉलेज में विद्यार्थियों ने भ्रष्टाचार संबंधी समस्या के निवारण के लिए तरीके बताए। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत शासकीय गर्ल्स कॉलेज में भारतीय स्टेट बैंक और कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान तात्कालीन भाषण प्रतियोगिता भी हुई। इसके गर्ल्स कॉलेज सहित चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज और आरएके कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिए गए।

मंगलवार सुबह 11 बजे गर्ल्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक होशंगाबाद अनुराग कुमार, स्थानीय उप महाप्रबंधक एके हक तथा क्षेत्रीय प्रबंधक पंकज भार्गव अतिथि रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने की। अतिथियों ने विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार से बचने के टिप्स दिए। उन्होंने भ्रष्टाचार की शिकायत कैसे और कहां करें और शिकायत पर कैसे कार्रवाई होती है इसके बारे में भी बताया। इसके बाद तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में गर्ल्स कॉलेज, चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज और आरएके कॉलेज के पांच-पांच विद्यार्थी शामिल हुए। आरएके कॉलेज के राहुल पहारे प्रथम, गर्ल्स कॉलेज की समन सिद्दीकी ने द्वितीय और चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज के पवन पंसारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. जया शर्मा ने तथा आभार एसबीआई की मुख्य प्रबंधक संगीता शर्मा ने माना। इस मौके पर डॉ. जीएल जैन, डॉ. राजेश बकोरिया, अनूप सिंह, अर्चना चौहान, भारती सक्सेना, बिजेश विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

### ग्रामीणों को भी दी जानकारी

गर्ल्स कॉलेज में आयोजन के बाद एसबीआई की टीम गांव खामलिया पहुंची। यहां उन्होंने बैंक के ग्राहक और किसानों को भ्रष्टाचार निवारण के संबंध में जानकारी दी। ग्रामीणों ने अपनी जिज्ञासावश कई सवाल भी बैंक अधिकारियों से किए। जिनका समाधान अधिकारियों ने किया।

भास्कर classified

बेचना है डायवर्टेड प्लाट मात्र ₹1.99 लाख में सम्पर्क करें 6260935814

चाय घर Since 1972 गोल्ड चाय

मकान बेचना है 3BHK (1600 sqrft.) सर्वसुविधा युक्त गंगा आश्रम सीहोर 9174444884 9300283028 9300926946

लोन ही लोन 9300350410 9630380414

प्लाट बेचना है मंडी थाना मेन रोड सीहोर सर्वसुविधा युक्त 35×80 (2800 स्क्वा.फीट) प्लाट बेचना है। 9893189041 9752232451

विज्ञापन के लिए संपर्क करें दैनिक भास्कर, सीहोर 9827577181 8435945018 9098670687 8818889095

## *District Level: Blood Donation*

जिला स्तरीय रक्तदान शिविर
(9.12.18)




रक्तदान करते महा० की छात्रा



*Shikshak Abhibhavak Meeting - Parents meeting*



# *Student's Seminar in Mathematics*

कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)

दूरभाष एवं फेक्स :- (07562)224706 ई-मेल:-heggcseh@mp.gov.in

वेब www.mpcolleges.nic.in/ggdcsehore/index.html

दिनांक: 25/01/2018

//प्रतिवेदन//

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में गणित विभाग में विभागीय छात्राओं का सेमिनार संपन्न हुआ इस संगोष्ठी के शीर्षक "गणित और वास्तविक जीवन" पर महाविद्यालय की गणित विभाग की छात्राओं ने अपने पत्रक का प्रस्तुतिकरण किया गणित विभाग के डॉ वरूण सिंह ने कार्यक्रम के समनवयक के रूप में छात्राओं को प्रोत्साहित किया। सेमिनार का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ,आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी जयाशर्मा, डॉ. सुधा लाहोटी, डॉ. कलिका डोलस, डॉ. अनूप सिंह, डॉ. राजेश बकोरिया द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण दीप प्रज्जवलित कर किया और छात्राओं द्वारा अतिथियों को पुष्प भेट कर स्वागत किया गया तथा प्रचार्य द्वारा सेमिनार में छात्राओं को पत्रक प्रस्तुत करने पर बधाई प्रदान की डॉ. जया शर्मा द्वारा इस सेमिनार को कराने जाने के उददेश्य पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को संबोधित गया। छात्राओं द्वारा गणित विषय से सबंधित कई पत्रक प्रस्तुत किये इस सेमिनार के समस्त छात्राओं ने भाग लिया जिसमें एक शोध पत्र डॉ. वरूण सिंह द्वारा भी प्रस्तुत किया गया।


प्राचार्य
शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर

Principal
Govt. Girls College
SEHORE (M.P.)


GOVT GIRLS COLLEGE SEHORE (M.P.)

STUDENT'S SEMINAR

## *National seminar on "PERSONALITY DEVELOPMENT THROUGH PHYSICAL EDUCATION, SPORTS & YOGA"*



***National Seminar on Environmental Degradation: Causes and Remedies***



***Student's Seminar in sociology***

# समाजशास्त्र विद्यार्थी सेमीनार

## "21वी सदी में बढता सायबर अपराध : कारण एवं रोकथाम "

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के समाजशास्त्र विभाग और आन्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 26 फरवरी 2019 को '21वी सदी में बढता सायबर अपराध कारण एवं रोकथाम विषय पर विद्यार्थी सेमीनार का आयोजन किया गया। विद्यार्थी सेमीनार में समाजशास्त्र विषय की छात्राओं ने प्रस्तुतिकरण के विविध तरीकों जैसे मौखिक, पावर पांईट एवं पोस्टर के माध्यम से विषय की प्रकृति को समझाया।

विद्यार्थी सेमीनार के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि एवं विषय विशेषज्ञ सीहोर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री समीर यादव जी थे। उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. जया शर्मा एवं अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने की।

सरस्वती पूजन के पश्चात् अध्यक्ष की सहमति से सेमीनार का औपचारिक शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा लाहोटी ने विद्यार्थी सेमीनार के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। विषय की गंभीरता को छात्राओ के समक्ष रखने के लक्ष्य से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव जी ने बताया कि आज के समय में इन्टरनेट एवं स्मार्ट/एन्ड्रॉयड फोन पर जनमानस की अंधाधुंध अतिनिर्भरता घातक है। निःसंदेह सुविधापूर्ण जीवन तो प्राप्त हुआ है पर अज्ञानता एवं जागरूकता के अभाव में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से व्यक्ति सायबर अपराध में उलझ रहा है। यादव जी ने अपने व्याख्यान में सायबर अपराध के दुष्प्रभाव से बचने के महत्वपूर्ण तरीके बताये। उन्होनें कहा कि जब इन्टरनेट की आवश्यकता हो तभी इन्टरनेट डाटा को खोलना चाहिये। बेवजह पूरे समय में इन्टरनेट का डाटा खुले रहने से वायरस अटैक की आशंका होती है। ई-मेल का पासवर्ड किसी को नही बताना चाहिए। और पासवर्ड बनाना, उसे गुप्त रखना भी अत्यावश्यक है। यदि आप किसी भी वेबसाइट पर लॉग-ईन करते हैं, तो उससे बाहर निकलने के लिए लॉग आउट भी करना चाहिए। इन्टरनेट सोशल मीडिया पर महिला यूजर्स की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है, उन्हें सावधानी से इनका उपयोग करना चाहिए। निजी फोटो, नंबर किसी को शेयर नही करना चाहिए। **बचाव में ही सुरक्षा** है इसी मंत्र को अपनाना चाहिए।

इसी सत्र में विशिष्ट अतिथि डॉ. जया शर्मा ने पावर पॉइंट के द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया और छात्राओं को सायबर सुरक्षा के विषय में जानकारियाँ दी। अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने सायबर अपराध की गंभीरता पर विचार प्रस्तुत करते हुए छात्राओ को सतर्क रहने के लिए अगाह किया। उद्घाटन सत्र का संचालन कु. निधि राजेशिया बी.ए. षष्ठम सेमेस्टर एवं मुस्कान रायकवार बी.ए. द्वितीय वर्ष समाजशास्त्र ने संयुक्त रूप से किया।

उद्घाटन सत्र के उपरान्त तकनीकी सत्र प्रारंभ हुआ। इस तकनीकी सत्र में शोध आलेख प्रस्तुत किए गये। इसके अंतर्गत एम.ए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कु. दिव्यानी पाठक ने स्वरचित कविता के माध्यम से समस्या के कारण एवं परिणाम पर प्रकाश डाला। कु. पूर्वी ठाकुर, कु. सलोनी चौहान बी.ए. 6 सेमेस्टर एवं कु. मुस्कान रायकवार बी.ए. द्वितीय वर्ष ने पोस्टर प्रजेंटेशन के माध्यम से सेमीनार में सहभागिता की । बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा आरती मालवीय ने बढ़ते हुए सायबर अपराध को आंकड़ो के माध्यम से प्रस्तुत किया। बी.ए. द्वितीय वर्ष कु. रचना मालवीय ने फर्जी कॉल से प्रभावित होकर किसी भी प्रकार की जानकारी न देने के लिए अगाह किया। साक्षी चौहान बी.ए. प्रथम वर्ष ने विभिन्न सायबर अपराधो की चर्चा करते हुए भारत में सायबर कानून व्यवस्था पर प्रकाश डाला। कु. राधा सेन बी.ए. 6 सेमेस्टर ने ए.टी.एम. की सुरक्षा के लिए सावधानियां विषय पर आलेख प्रस्तुत किया। इस प्रकार से 31 विद्यार्थियों ने सेमीनार में आलेख प्रस्तुत किए। इस तकनीकि सत्र के विषय विशेषज्ञ सीहोर के सायबर सेल के तकनीकी जानकार श्री दीपक साल्वे जी थे। साल्वे जी ने अपने महत्वपूर्ण उद्बोधन में उपयोगी जानकारियों से बताया कि कैसे सायबर अपराध से बचा जा सकता है। उन्होने मोबाइल फोन में डाटा व्यवस्थित करना, सोच समझकर एप्लीकेशन डाऊनलोड करना, उपयुक्त पासवर्ड को बनाना और उसे गोपनीय रखना इत्यादि उपयोगी जानकारी दी।

छात्राओं ने भी श्री साल्वे जी से प्रश्नोत्तर किये और अपनी जिज्ञासा का समाधान किया। समाजशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रीमती अर्चना चौहान ने पॉवर पाइंट प्रस्तुतीकरण द्वारा विभिन्न प्रकार के सायबर अपराध से छात्राओं को अवगत कराया। डॉ. प्रतिभा सोनी ने सायबर अपराध से बचने के उपाय बताते हुए सेमीनार में छात्राओं को उत्साहपूर्ण सहभागिता हेतु बधाई दी।

प्रमाण–पत्र वितरण के रूप में अंतिम सत्र हुआ। जिसमें आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के द्वारा सेमीनार में आलेख प्रस्तुतिकरण हेतु प्रमाण–पत्र वितरित किये गये। सर्वश्रेष्ठ आलेख हेतु कु. साक्षी चौहान बी.ए. प्रथम वर्ष का चयन किया गया। इस सत्र में डॉ. अमोल मांजरेकर ने अध्यक्षता की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. कलिका डोलस, डॉ. राजेश बकोरिया, श्री कमल महेश्वरी, श्री ओमप्रकाश परमार उपस्थित थे। विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा लाहोटी ने उपस्थित अतिथियों को साधुवाद दिया और विद्यार्थी सेमीनार की सफलता हेतु छात्राओं को बधाई दी।



*Student's Seminar commerce "Latest Trends in Commerce and Management"*






# IQAC Squad

IQAC Squad

दिनांक 1/3/19

बैठक

महाविद्यालयीन विकास में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु आज दिनांक 1/3/19 को प्राचार्य कक्ष में दोपहर 2.30 बजे महाविद्यालयीन स्टाफ एवं विद्यार्थियों के कुछ प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई एवं निम्नानुसार निर्णय लिये गये –

1. विभिन्न संकायों एवं कक्षाओं से लगभग 10-15 सक्रिय छात्राओं का एक दल गठित किया जाए जो IQAC Squad के नाम से कार्य करेगा। इस हेतु स्वेच्छा से एवं शिक्षकों के अनुभव से प्रस्ताव अनुसार दल का गठन किया जाए। पिछले वर्ष के अनुभव के आधार पर पूर्व से ही कार्यरत ऐसी छात्राओं को IQAC द्वारा वार्षिकोत्सव में पुरस्कृत किया जाए।
2. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर छात्राओं की माताओं को आमंत्रित कर एक Women's talk का आयोजन किया जाए जिसमें उनके अनुभव साझा कर सुझाव प्राप्त किये जा सकें।

बैठक में निम्नानुसार सदस्य उपस्थित रहे –

सुश्री अर्चना सेंगर

[signature] 6/3/19

डॉ. राजेश बनोरिया
श्रीमती अर्चना चौहान
डॉ. सुधा लाहोटी
डॉ. अनूप सिंह
श्री विनोद शर्मा
डॉ. अमोल मांजरेकर
डॉ. प्रतिभा सोनी
डॉ. नीता मिश्रा
श्री विनोद शर्मा

समस्त स्टाफ की सहमति से निम्न Squad का गठन किया गया

Alumni

कु. उर्वशी बिजोदा

1. कु. मोनिका व्यास
2. " शीतल
3. " सेजल
4. " निकिता सावले
5. " स्वाति चंद्रवंशी
6. " मदिरा तिवारी
7. " रुचा
8. " दीप्ती
9. " मेघा संवर
10. " पूजा बड़ीप्रसाद BA 6th
11. " निधि BA 6th
12. " नेहा BA 1st
13. " मुस्कान II year BA
14. " रुचिका डांगी B.Sc. Ilyr
15. " आरती वर्मा B Com II y.
17. " प्रिया धाड़ी
18. कु. समन सिद्दीकी

समन्वयक

प्राचार्य

# *Eco Club*

5476 योजना 0101-41-002

5000 जमा है

Carry your own Bag.


**पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन**
**(म.प्र. शासन की स्वशासी संस्था)**
पर्यावरण परिसर, ई–5 सेक्टर
अरेरा कालोनी, भोपाल–462 016
Tel. 2466859, 2464318, 2466970
Fax: (0755)- 2462136
Website: www.epco.in


पत्र क्र. /NGC(College)/एप्को/2019
दिनांक–

प्रति,
प्राचार्य,
..................................
..................................
जिला .................... (म.प्र.)

**विषय–"राष्ट्रीय हरित कोर" योजनान्तर्गत अनुदान वित्त वर्ष 2018–19 की राशि एवं इसके उपयोग हेतु जारी आवश्यक निर्देश।**

संदर्भ– कार्यालय आदेश क्र. 4988/एन.जी.सी./एप्को/2019, दि0 22/02/19

"राष्ट्रीय हरित कोर" योजनान्तर्गत आपके महाविद्यालय में गठित इको–क्लब को वर्ष 2018–19 की राशि रुपए 5,000/– इलेक्ट्रॉनिक ट्रॉसफर (RTGS) के माध्यम से जारी की जा चुकी है। सुलभ संदर्भ हेतु जारी किये गये कार्यालय आदेश की प्रति संलग्न है। महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के माध्यम से इको क्लब गतिविधियों का आयोजन पर्यावरण शिक्षा के प्रचार–प्रसार तथा विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में समझ विकसित करने की दिशा में किया जाना है। योजना के उद्देश्य मूलतः सामाजिक सरोकार से संबंधित है। अतः इस योजना के अंतर्गत गतिविधियों के संचालन हेतु दी जाने वाली राशि का कोई सीधा संबंध नहीं आंकना चाहिये।

महाविद्यालय को जारी राशि का उपयोग निम्नानुसार किया जाना है:–

1. आपके महाविद्यालय को इस निर्देश के साथ राशि रु. 5,000/– वितरित की जा रही है कि महाविद्यालय में 2018–19 के वार्षिक गतिविधि कैलेन्डर (संलग्न) अनुसार कार्यक्रमों का आयोजन कर निर्धारित प्रारुप में प्रतिवेदन एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।
2. इको क्लब महाविद्यालय की वार्षिक गतिविधियों का समेकित प्रतिवेदन तथा राशि रु. 5,000/– का उपयोगिता प्रमाण–पत्र (संलग्न) की मूल प्रति राज्य नोडल एजेन्सी एप्को को निर्धारित समय पर उपलब्ध करायें।
3. कार्य के संपादन में किसी तरह के सहयोग या व्यवधान के निराकरण हेतु एन.जी.सी. टीम के श्री महेश मिश्रा, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (मो.न. 9425028291) एवं श्री दिलीप चक्रवर्ती, पर्यावरण शिक्षा अधिकारी, एनजीसी (मो.न. 9826709218) एवं ईमेल **ngcepcomp@gmail.com** से संपर्क कर सकते हैं।
4. पत्र के साथ उपरोक्त संदर्भित आदेश, इको क्लब विद्यार्थी पंजीयन प्रपत्र, उपयोगिता प्रमाण–पत्र तथा भौतिक प्रतिवेदन प्रपत्र संलग्न है।

कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

**संलग्नः**– उपरोक्तानुसार (आदेश की प्रति, इको क्लब विद्यार्थी पंजीयन प्रपत्र, उपयोगिता प्रमाण–पत्र तथा भौतिक प्रतिवेदन प्रपत्र)

(डॉ. साधना तिवारी)
मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी एवं
राज्य नोडल अधिकारी (एन.जी.सी.)

पृ. क्र. 5143/एन.जी.सी.(महावि0)/एप्को/2019 दिनांक 5/3/2019

प्रतिलिपिः
1. निदेशक, स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. प्रभारी प्राध्यापक, .................... जिला .................... को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी एवं
राज्य नोडल अधिकारी (एन.जी.सी.)

मेपकास्ट
MPCOST
Madhya pradesh council of Science and Technology

# National Green Corps (NGC)

*Certificate of Participation*

This is to certify that Dr./Mr./Mrs. KALIKA DOLAL
from GOVT. GIRLS COLLEGE, SEHORE has participated in Eco-club In-charge Training Programme of National Green Crops Scheme (NGC) on 3/4 ~~September~~ OCT. 2019 at EPCO, Bhopal.

The training was organized under the scheme by Environmental Planning and Coordination Organisation (EPCO), Bhopal, Environment Department, Govt. of Madhya Pradesh for capacity building of College Professors / Assistant Professors.

We appreciate your efforts for Environment Conservation.

**Dr. Sadhana Tiwari**
Chief Scientific Officer,
EPCO, Bhopal

**Jitendra Singh Raje**
Executive Director
EPCO, Bhopal

---

दैनिक जागरण 11 अक्टूबर 2019
www.jagranmp.com/epaper

## इको क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए रिसाइक्लिंग पर कार्यशाला का आयोजन

### कन्या महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण को लेकर पहल



जागरण, सीहोर। गुरुवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के इको क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण 3आर(महामंत्र) कमतर उपयोग, पुनः उपयोग एवं पुनः चक्रण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

बताया गया है कि कार्यशाला को संबोधित करते हुये डॉ. कलिका डोलस ने बताया कि आज की भौतिकतावादि एवं मॉल संस्कृति में के कारण हम अनावश्यक चीजों की खरीदारी कर रहे है। जिसका पर्यावरण पर घातक प्रभाव पड़ रहा है। हमारी भारतीय संस्कृति में हमेशा से ही 3आर को जीवन में अपनाने पर बल दिया है एवं जरूरत मे ही संतोषप्रद जीवन यापन की सलाह दी है। परन्तु वर्तमान में हम इसको नजरअंदाज करते हुये उपभोक्तावादि संस्कृति को बढ़ावा दे रहे है। जिससे पर्यावरण को होने वाले नुकसान को 3आर से कम किया जा सकता है।

कार्यशाला में इस अवसर पर फैशन डिजाईनिंग एवं गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने प्रकोष्ठ प्रभारी एवं फैशन डिजाइनर प्रशिक्षिका के मार्गदर्शन में नेहा, हेमलता, कल्पना, आयुषि श्वेता एवं प्रीति आदि छात्राओं ने पुराने कपड़ों को रिसाइकल कर उनसे थैले बनाये।

बाजार में खरीददारी करते समय इन्ही थैलों का उपयोग करने का संकल्प लेकर सिंगल यूज पॉलीथीन को ना कहते हुये कॅम्पैन को व्यवहारिक रूप दिया। इस अवसर पर पुराने अखबारों से पेपर बैग बनाने का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर रमाकांत रिछारिया आदि सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित था, अंत में आभार व्यक्त किया गया।

# *Student's Seminar in Botany*

(32) (36)

# शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर

विद्यार्थी संगोष्ठी
वनस्पति शास्त्र विभाग
दिनांक 08.03.2019

"प्राकृतिक संसाधनो का संरक्षण"




(डॉ. राजेश बकोरिया)
विभागाध्यक्ष
वनस्पति शास्त्र विभाग

(डॉ. जया शर्मा)
संयोजक
आई.क्यू.ए.सी.

# *Women's Day Celebration*






# शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर
## राजनीति विज्ञान विभाग
## विद्यार्थी सेमिनार प्रतिवेदन

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के राजनीति विज्ञान विभाग में 06 मई 2019 को विद्यार्थी सेमिनार का आयोजन किया गया। विभाग में आयोजित इस विद्यार्थी सेमीनार का शीर्षक था – " भारतीय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की भूमिका"। विद्यार्थी सेमिनार में इस शीर्षक का लेने का प्रमुख उद्देश यह था कि प्रत्येक विद्यार्थी अपने शिक्षा प्राप्ति के काल में महात्मा गांधी के जीवन दर्शन एवं उनके विचारों का अध्ययन करता है। अतः इस लोकप्रिय विषय पर शोध पत्र तैयार करना एवं उसका वाचन विद्यार्थियों के लिए आसान होगा। विद्यार्थी सेमिनार का प्रारंभ भारतीय परंपरानुसार सरस्वती पूजन एवं वंदन से हुआ। जिसमें बी.ए. षष्ठम वर्ष की छात्राओं ने सरस्वती वंदना का गायन किया। इस विद्यार्थी सेमिनार के आयोजन का उद्देश छात्राओ को सेमिनार के आयोजन की समस्त प्रक्रियाओं से अवगत कराना एवं शोध पत्र प्रस्तुतीकरण हेतु तैयार करना था। अतः सेमिनार का संचालन एवं आयोजन का सम्पूर्ण कार्यभार भी छात्राओं के द्वारा की किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष महाविद्यालय की प्राचार्य एवं राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन तनेजा थी। साथ ही विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. जया शर्मा एवं डॉ. रमाकांत रिछारिया उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सुधा लाहोटी, डॉ. कलिका डोलस, डॉ. अर्चना चौहान एवं डॉ. प्रतिमा सोनी, डॉ. मोहम्मद सादिक ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर छात्राओं का मार्गदर्शन एवं उत्साह वर्धन किया।

विद्यार्थी सेमिनार के अध्यक्षीय उद्‌बोधन में डॉ. सुमन तनेजा ने सर्वप्रथम महात्मा गांधी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। साथ ही उनके विभिन्न आंदोलनों पर विस्तार से चर्चा कर उनकी कार्यप्रणाली के विषय में समझाया। गांधीजी के विभिन्न आंदोलनों में विशेष रूप से खेडा सत्याग्रह, चंपारन आंदोलन, खिलाफत आंदोलन, असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन एवं भारत छोडो आंदोलन प्रमुख थे। इन आंदोलनों पर विस्तार से चर्चा के दौरान इन्होंने महात्मा गांधी की कार्यप्रणाली पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की कथनी और करनी में अंतर नहीं था जिसे हमें उपने जीवन में भी पालन करना चाहिए। मनुष्य की कथनी करनी में अंतर नही होना चाहिए इस विचार के संबंध में महात्मा गांधी के जीवन से संबंधित दृष्टांत सुनाते हुए अपने जीवन में भी अपनाने की बात पर जोर दिया।

साथ ही इन्होंने गांधी जी के धर्मनिरपेक्षता, जाति उन्मूलन, हरिजन उद्धार एवं ट्रस्टीशिप के सिध्दांतों से भली–भाति परिचित कराया।

कार्यक्रम के अगले चरण में महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. जया शर्मा ने विद्यार्थी सेमिनार के आयोजन के उद्देश पर प्रकाश डाला। साथ ही सेमिनार के सभी चरण व शोध–पत्र लेखन तथा प्रस्तुतीकरण प्रक्रिया तथा इस दौरान आवश्यक सावधानियों पर भी चर्चा की। इसके साथ ही इन्होंने गांधी जी की शिक्षा पद्धति के विषय में भी छात्राओं से विस्तार से चर्चा की। डॉ. सुधा लाहोटी प्राध्यापक समाजशास्त्र ने छात्राओं को महात्मा गांधी के सामाजिक व राजनीतिक विचारों के विषय में बताया तथा उनके बताये मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अगले चरण में बी.ए. षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा कु. मधु राघव तथा सुमन सिद्धिकी ने अपने शोध पत्र का वाचन किया। तत्पश्चात् श्री रमाकांत रिछारिया ने छात्राओं के शोध–पत्र वाचन एवं गांधी जी की संपूर्ण राजनीतिक सामाजिक जीवन वृत्तांत का विस्तृत वर्णन किया। श्री रमाकांत रिछारिया ने पूर्व में प्रस्तुत शोध पत्रों में आवश्यक सुधार के विषय पर भी बात की। तत्पश्चात् महाविद्यालय की छात्राऐं आयुषी गुप्ता अनुष्का राय, शिवानी सेन, सुमन कसौटिया, पूजा मेवाड़ा निधि, संजना अपने शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण किया।

कार्यक्रम के अंत में शोध–पत्र प्रस्तुत करने वाली समस्त छात्राओं को कार्यकम की अध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा एवं प्राध्यापकों ने सर्टिफिकेट वितरित किये गये। विद्यार्थी सेमिनार के अंतिम चरण में कार्यक्रम की आयोजक डॉ.नीता मिश्रा ने सभी उपस्थित प्राध्यापकों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

Principal
Govt. Girls College
SEHORE (M. P.)

E:\Political Scince Letter\Political sc. Seminar.docx